Hindi | हिन्दी

Mayor's Office of Immigrant Affairs

इमिग्रेंट न्यूयॉर्क वासियों के लिए संसाधन

भले ही आपकी इमिग्रेशन स्थिति जो भी हो, न्यूयॉर्क सिटी आपकी मदद के लिए मौजूद है।

इमिग्रेशन से जुड़ी कानूनी मदद

इमिग्रेशन से जुड़ी मुफ़्त और सुरक्षित कानूनी मदद के लिए, 800-354-0365 पर कॉल करें, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक।

न्यूयॉर्क सिटी पहचान कार्ड

IDNYC के लिए आवेदन करें, जो न्यूयॉर्क सिटी के 10 साल और उससे ज़्यादा उम्र के सभी निवासियों के लिए मुफ़्त म्युनिसिपल पहचान कार्ड है। ऑनलाइन रिन्यू करें या नामांकन करने के लिए अपॉइंटमेंट लें, **311 पर कॉल करें** या **nyc.gov/idnyc** पर जाएं

अंग्रेज़ी की क्लास

कभी भी, कहीं भी **मुफ़्त अंग्रेज़ी** क्लास करें। ज़्यादा जानकारी के लिए **wespeaknyc.cityofnewyork.us** पर जाएं।

स्वास्थ्य देखभाल

NYC Health + Hospitals (H+H) इमरजेंसी देखभाल, मूलभूत स्वास्थ्य देखभाल, चेक-अप, टीकाकरण, और बहुत कुछ प्रदान कर सकते हैं। **अपने नज़दीकी सेंटर में जाने के लिए 1-844-NYC-4NYC (1-844-692-4692) पर कॉल करें। NYC Care** प्रोग्राम सहित, स्वास्थ्य बीमा प्लान में नामांकन करने के लिए, **646-NYC-CARE (646-692-2273)** पर कॉल करें या **nyccare.nyc पर जाएं**

मानसिक स्वास्थ्य

मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़े संसाधनों हेतु गोपनीय सहायता और कनेक्शन्स के लिए, **888-692-9355 या 988** पर कॉल करें, या **65173 पर WELL** टेक्स्ट करें। न्यूयॉर्क वासी न्यूयॉर्क सिटी में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े बहुभाषी संसाधनों के लिए **nyc.gov/mentalhealthaccess** पर जा सकते हैं, या मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को ढूंढने के लिए **nyc.gov/mentalhealthservices** पर न्यूयॉर्क सिटी की 988 ऑनलाइन डायरेक्ट्री का उपयोग कर सकते हैं।

इमरजेंसी

किसी इमरजेंसी में, 911 पर कॉल करें। इमरजेंसी ऐसी कोई भी स्थिति होती है जिसमें पुलिस, अग्निशमन विभाग या एम्बुलेंस से तुरंत मदद की ज़रूरत होती है। **कानून के मुताबिक, न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग (New York City Police Department) अपराध पीड़ितों, गवाहों, या मदद मांगने वाले अन्य लोगों से इमिग्रेशन स्थिति के बारे में नहीं पूछ सकता।**

सार्वजनिक शिक्षा

न्यूयॉर्क सिटी के 4 से 21 साल के सभी बच्चे पब्लिक स्कूल जा सकते हैं। नामांकन करने के लिए, **schools.nyc.gov/fwc** पर जाएं या **311 पर कॉल करें।**

शहर के सामान्य संसाधन और जानकारी

सिटी के संसाधनों तक पहुँच चाहिए या किसी समस्या की रिपोर्ट करना चाहते हैं? **311** पर कॉल करें या **portal.311.nyc.gov** पर जाएं

न्यूयॉर्क सिटी इमिग्रेंट मामलों की हॉटलाइन

सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से 5 बजे तक 212-788-7654 पर हमारी हॉटलाइन पर कॉल करें, या **askmoia@cityhall.nyc.gov** पर हमें ईमेल करें

Hindi | हिन्दी

Mayor's Office of Immigrant Affairs

इमिग्रेंट न्यूयॉर्क वासियों के लिए संसाधन

भले ही आपकी इमिग्रेशन स्थिति जो भी हो, आपके पास अधिकार हैं।

इमिग्रेशन संबंधी धोखाधड़ी से बचें

यदि आपको इमिग्रेशन से जुड़ी कानूनी सलाह चाहिए, तो केवल किसी लाइसेंस-प्राप्त अटॉर्नी या न्याय विभाग (Department of Justice, DOJ) से अधिकृत प्रतिनिधि से ही बात करें। आप अधिकृत और मान्यता-प्राप्त प्रदाताओं की सूची **nyc.gov/immigrationfraud** पर देख सकते हैं।

इमिग्रेशन एन्फोर्समेंट संबंधी अधिकार

न्यूयॉर्क सिटी इमिग्रेशन एन्फोर्समेंट नहीं करती। यदि फेडरल इमिग्रेशन एन्फोर्समेंट द्वारा आपसे संपर्क किया जाता है, तो आपके पास अधिकार हैं। आप **nyc.gov/knowyourrights** पर जाएं या **800-354-0365** पर मुफ़्त इमिग्रेशन लीगल हॉटलाइन पर कॉल करें

श्रमिकों के अधिकार

न्यूयॉर्क सिटी के कानून के तहत आपको वेतन के साथ बीमारी के लिए छुट्टी, न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम भुगतान और बहुत कुछ पाने का अधिकार है। संसाधनों के लिए **nyc.gov/workers** पर जाएं या **212-436-0380** पर कॉल करें

भेदभाव की रिपोर्ट करें

न्यूयॉर्क सिटी के मानवाधिकार कानून के तहत उत्पीड़न और भेदभाव गैर-कानूनी हैं। भेदभाव की रिपोर्ट करने के लिए, कृपया **212-416-0197** पर कॉल करें या **nyc.gov/reportdiscrimination** पर जाएं

घरेलू हिंसा से सुरक्षा

यदि आप बदसलूकी का सामना कर रहे हैं तो न्यूयॉर्क सिटी आपकी मदद के लिए मौजूद है। आप **nyc.gov/nychope** पर जा सकते हैं या **800-621-HOPE** पर न्यूयॉर्क सिटी की घरेलू हिंसा हॉटलाइन पर कॉल कर सकते हैं

किराएदारों के अधिकार

क्या आपको घर खाली करने या अपने मकान मालिक से संबंधित किसी भी समस्या में मदद चाहिए? मुफ़्त कानूनी मदद के लिए **nyc.gov/tenantprotection** पर जाएं या **311** पर कॉल करें और **"tenant helpline" (टेनेंट हेल्पलाइन)** कहें

आश्रय का अधिकार

यदि आप बेघर हैं तो आपको आश्रय के लिए अनुरोध करने का अधिकार है। निर्दिष्ट बेघर सेवाएं विभाग (Department of Homeless Services, DHS) इनटेक सेंटर पर जाकर आश्रय सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करें। **311** पर कॉल करके और जानें

उपभोक्ता संरक्षण

किसी व्यवसाय से कोई समस्या है? एक उपभोक्ता के रूप में, आपके पास अधिकार हैं। **nyc.gov/consumers** पर जाकर शिकायत दर्ज करें या **311** पर कॉल करें